कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता (जगतपुरा जोन) नगर निगम, ग्रेटर जयपुर

(नन्दपुरी रेल्वे अण्डरपास के पास, जगतपुरा, जयपुर)

क्रमांक : एफ–29/एम.ई./( )/जगतपुरा जोन/ननिजग्रे/2024–25/209 | **दिनांक** : 17/10/2024

ई–निविदा सूचना सं. 18/2024–25

नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा निम्न कार्य कराये जाने हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त यथा नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका, जयपुर विकास प्राधिकरण, केन्द्र व राज्य सरकार के विभागों में पंजीकृत/RUDIP/ADB/RHB से पंजीकृत अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु आनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म आनलाईन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in/ डाउनलोड एवं अपलोड व **http://sppp.raj.nic.in** पर डाउनलोड किये जा सकते हैः–

क्र स	ई–निविदा सूचना संख्या	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (राशि लाखों में)	निविदा शुल्क+ GST@18%	MD RISL शुल्क	अमानता राशि (2% या 0.5% रूपयों में)	निविदा अपलोड करने की तिथि	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि व समय	तकनिकी निविदा खोलने की तिथि व समय	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	18	जगतपुरा जोन के वार्ड नं. 115 में रावत पब्लिक स्कूल से साबरमती अपार्टमेन्ट होते हुए 100 फुट रोड बडे नाले की ओर सीवर लाईन डालने का कार्य।	42.80	500+90=590/-	500/-	85,600/- 21,400/-	18.10.2024	28.10.2024 6:00 PM	29.10.2024 11.00AM	04माह

1. निविदा की महत्वपूर्ण शर्ते वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in,http://sppp.raj.nic.inएवं www.jaipurmc.org.com पर देखी जा सकती है।
2. निविदादाताओं को निविदा शुल्क, EMD एवं MD, RISL प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन नगर निगम ग्रेटर, जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com पर Submission Date and time से पूर्व जमा करवाकर उससे प्राप्त होने वाली रसीद को स्केन करके http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड करने पर ही निविदा को मान्य किया जायेगा।
3. संवेदक द्वारा पंजीयन की प्रति, पेनकार्ड की प्रति, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन की प्रति निविदा के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक होगा अन्यथा प्राप्त निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
4. अधिक जानकारी के लिये अधिशाषी अभियंता (जगतपुरा जोन) कार्यालय **नन्दपुरी रेल्वे अन्डरपास के पास जगतपुरा ,जयपुर** में सम्पर्क कर सकते है।
5. संवेदक को हस्ताक्षरयुक्त एनेक्चर ABCDE स्केन करके निविदा के साथ पोर्टल पर डालने पर ही निविदा मान्य की जावेगी।
6. केन्द्र सरकार/राज्य सरकार द्वारा लागू किये जाने वाले समस्त टैक्स व नियम प्रभावी होंगे।
7. संवेदक को अपने स्तर पर कार्य स्थल पर कार्य प्रगति का बोर्ड साइट इंजिनियर के बताये अनुसार लगाना आवश्यक होगा।
8. अवकाश होने पर स्वतः ही आगामी तारीख मानी जावेगी।
9. निविदा में वित विभाग की अधिसूचना दिनांक 22.10.2021 द्वारा RTPP Act 2013 के अन्तर्गत शामिल किये गये नियम 75 ए की पालना संवेदक द्वारा की जावेगी। जिसके अनुसार Unbalanced Bid होने की दशा में नियमानुसार अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance security) राशि BG/FDR/NSC के रूप में जमा कराई जानी होगी। यदि संवेदक Additional Performance security जमा कराने के पश्चात् कार्य संतोषजनक रूप से पूर्ण नही करता है तो उसकी Additional Performance security की राशि नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा जब्त कर ली जावेगी व अनुबन्ध के तहत अन्य कार्यवाही भी नियमानुसार अमल में लाई जावेगी।
10. संवेदक द्वारा EPF एवं ESI में पंजीयन की प्रति निविदा के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक होगा तथा आयुक्त महोदय के परिपत्र क्रमांक 1492 दिनांक 09.01.2023 की पालना में संवेदक को राज्य/केन्द्र सरकार की नवीनतम दरो के अनुसार अपने समस्त श्रमिको का नियमानुसार EPF एवं ESI जमा कराना होगा, जिसमें नियोजित श्रमिको की मजदूरी राशि से कटौती और संवेदक का अंशदान शामिल होगा। संवेदक द्वारा अपने आगामी माह के बिल के साथ गत माह के पेटे श्रमिको के ESI और EPF के अंशदान की राशि नियमानुसार जमा कराये जाने की पुष्टि में संबंधित चालान की प्रति प्रस्तुत किये जाने पर ही संवेदक को आगामी माह के बिल/बिलो का भुगतान किया जायेगा
11. उक्त कार्य पूर्ण होने के पश्चात् मरम्मत एवं दोष निवारण का दायित्व (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड) तीन वर्ष तक संवेदक का होगा

Signature valid
Digitally signed by Peeyush Srivastava
Designation : Executive Engineer
Date: 2024.10.17 12:25:05 IST
Reason: Approved

अधिशाषी अभियन्ता
जगतपुरा जोन
नगर निगम ग्रेटर जयपुर

RajKaj Ref No.: 11203583